दिनांक 13.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने डेंगू प्रभावित वार्डों में सघन दौरा कर भैंस खटालों के संचालकों से 2 लाख अर्थदण्ड की राशि वसुल कर निगम कोष में जमा की गई।

भिलाईनगर/ वैशाली नगर विधायक श्री विद्यारतन भसीन नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने जोन क्रमांक 01 के अन्तर्गत आकाश गंगा थोक सब्जी मण्डी सुपेला में सामाजिक संगठनों के साथ डेंगू के रोकथाम एवं बचाव हेतु जन जागरूकता रैली निकाल कर मण्डी की सफाई व्यवस्था में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर श्री भसीन एवं आयुक्त श्री चौहान ने मण्डी के व्यापारियों से अपील की वे मण्डी परिसर के आसपास साफ–सफाई व्यवस्था बनाए रखे, सड़े–गले खाद्य पदार्थ का विक्रय न होनें दे। आप के इस सराहनीय कदम में निगम प्रशासन पूरी तरह आपके साथ है।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने आज जोन क्र. 01, 02, 03, 04 के विभिन्न वार्डो में दौरा करते हुए निगम क्षेत्र के अंतर्गत जिला प्रशासन, स्वास्थ्य, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं निगम प्रशासन के द्वारा संयुक्त रुप से चलायें जा रहे डेंगू प्रभावित वार्डों का निरीक्षण किया गया। प्रभावित वार्डों में साफ–सफाई के साथ–साथ अन्य सामाजिक संगठन, आंगनबाड़ी, मितानिन, नर्सिग, कॉलेज, स्कूल के छात्र–छात्राओं के द्वारा निकाले जा रहे रैलीओं के साथ– साथ भैंस खटाल के संचालको के द्वारा गंदगी फैलाये जाने, अवैध नल कनेक्शन पाए जाने पर संचालकों से 2 लाख अर्थदण्ड वसुल कर निगम कोष में जमा कराया गया। तथा स्वयं वार्डो में भ्रमण कर कुलरों से पानी निकाले जाने के कार्य का अवलोकन तथा संबंधित जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक सहित निगम का अमला को निर्देशित किया कि वे अपने–अपने प्रभार वाले वार्डो में नाली की सफाई, पानी निकासी की व्यवस्था, किटनाशक दवाई एवं धुंए के छिड़काव के साथ–साथ भैंस खटालों के संचालकों से अर्थदण्ड वसुल किये जाने की कार्यवाही करें। निगम आयुक्त ने क्षेत्र के नागरिकों से कहा कि शासकीय अस्पताल में डेंगू का ईलाज निःशुल्क किया जा रहा है तथा आपके वार्डों में लगे स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जा रहा जहां आप शासकीय चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवाई प्राप्त कर सकते हैं।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने निगम क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अपील की है कि जिला, स्वास्थ्य, एवं निगम प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे संयुक्त विशेष अभियान में डेंगू के बिमारी से बचाव उपाय जैसे– घर में लगाये गये कुलर, गमले, टायर, जानवर/पक्षियों को पानी पिलाने हेतु रखे पात्र, पुजा पश्चात् बाहर रखे हुए कलश, इत्यादि पात्र जिसमें बरसात से एकत्रित रुका हुआ साफ पानी को प्रतिदिन साफ करना हेतु समझाईस देना, गंदा पानी का जमाव न होने दे, पानी उबाल कर पीये, घर के आसपास साफ–सफाई व्यवस्था बनाये रखे, आपके वार्डो में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है, जहां शासकीय चिकित्सक के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया जा रहा है। इस बिमारी के रोकथाम हेतु जन सहयोग की भी आवश्यकता है। इस बिमारी के बचाव हेतु आप सब लोग मिलकर इस अभियान में जुड़ने की अपील की है।

जनसम्पर्क अधिकारी